## महत्वपूर्ण एवं खास

### अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 9 जनवरी को

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र के उद्योगों में अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने के लिए 9 जनवरी 2023 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मे.सोलारीश टेक्नोलाजी रायगढ़ में सेलर पीव्ही इन्टॉलर/टेक्नीशियन ट्रेड में एक पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन होना आवश्यक है। इसी तरह मे.गोयल ऑटोमोबाईल रायगढ़ में मैकेनिकल टेक्नीशियन ट्रेड में 3 पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता फिटर, मोटर मैकेनिक उत्तीर्ण, मे.रायगढ़ ऑटोमोबाइल में टेक्नीशियन ऑटोमोबाइल ट्रेड में 5 पद रिक्त है, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई फिटर, मोटर मैके.डीजल मैके.तथा मे.एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड रायगढ़ में टेक्नीशियन ट्रेड में 2 पद रिक्त है, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रीशियन उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### 7 से 9 जनवरी एवं 12 जनवरी को निर्वाचन क्षेत्र वाले समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के नगर निगम में पार्षद के उप निर्वाचन 2022-23 हेतु 7 जनवरी को शाम 5 बजे से 9 जनवरी 2023 मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना के दिन 12 जनवरी 2023 को संपूर्ण दिवस देशी व विदेशी मदिरा दुकान चक्रधर नगर, किनारा होटल-बार को पूर्णत: बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क अवधि में समस्त देशी तथा विदेशी मदिरा (सीएस 2 घघ, एफएल 1 घघ एवं किनारा एफ.एल.-3 होटल बार)दुकानों को सील कर बंद करने हेतु अपर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा आदेश जारी किया है। इसी तरह जिले के त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु 7 जनवरी से 9 जनवरी 2023 तक मतदान एवं मतगणना समाप्ति तक कम्पोजिट मदिरा दुकान पुसौर, विदेशी मदिरा दुकान पुसौर को पूर्णत:बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क अवधि में उक्त समस्त देशी तथा विदेशी मदिरा (सी. एस.2 घघ एवं एफ.एल.1 घघ)दुकानों को सील कर बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

### वार्ड क्रमांक 27 पार्षद पद के लिए जतन केन्द्र में बना मतदान केन्द्र

#### ऑनलाईन मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु बनाया गया लिंक

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022-23 हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार 9 जनवरी 2023 को नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 में पार्षद के एक पद हेतु निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। जिसके लिए जिला पंचायत के सामने, जतन केन्द्र भवन के कमरा नंबर 01 से 04 तक में मतदान केन्द्र बनाया गया है। निर्वाचन हेतु मतदान किए जाने हेतु निर्धारित किए गए मतदाता परिचय पत्र के अतिरिक्त छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा वर्तमान में मतदाताओं की सुविधा हेतु ऑनलाईन मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु लिंक http://cgsecerms.cgstate.gov.in/urban-voter-search बनाया गया है। उक्त लिंक का उपयोग कर मतदाता अपना परिचय पत्र पीडीएफ फाईल के रूप में प्राप्त कर सकते है।

# तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के जीवन में शिक्षा की अलख जगा रही शासन की छात्रवृति योजना

## जिले के 1500 से अधिक विद्याथियों को लगभग डेढ़ करोड़ की मिली छात्रवृति

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही उनके बच्चों के जीवन में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य भी कर रही है। जिसके लिए शासन अध्ययनरत विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इससे पढ़ाई में सहायता होने से बच्चों में पढ़ाई को लेकर ललक बढऩे लगी है। शासन द्वारा बच्चों के पढ़ाई के लिए सहायता मिलने से परिजन भी काफी खुश है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वनोपज से संबंधित लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही हैं, इसी प्रकार छात्रवृत्ति योजना भी संचालित की जा रही है। जो विशेषाकृत तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों के लिए होता है। इससे शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को विभिन्न प्रकार के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए प्रबलता प्रदान कर रही है। जिससे अब ग्रामीण क्षेत्र में भी शासन की योजना से शिक्षा की अलख जलने लगी है।





प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति स्तर पर प्रतिवर्ष एक विद्यार्थी को व्यावसायिक कोर्स जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, एमबीए एवं नर्सिंग में प्रवेश लेने वाले को प्रथम वर्ष में 10 हजार रुपए, इसके बाद द्वितीय एवं बाद के वर्षो में 5 हजार रुपए प्रतिवर्ष अधिकतम कुल 4 वर्षों में राशि उपलब्ध कराई जाती है। गैर-व्यावसायिक स्नातक कोर्स के लिए अनुदान योजना के तहत प्रत्येक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष एक विद्यार्थी बीए, बीकाम, बीएससी में प्रवेश लेने वाले को प्रथम वर्ष में 5 हजार, द्वितीय वर्ष में 4 हजार एवं तृतीय वर्ष में 3 हजार रुपए दी जाती है। मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत संग्राहक समिति क्षेत्र में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को कक्षा आठवी में 2 हजार, कक्षा दसवीं में 2 हजार 500 तथा बारहवीं में 3 हजार देने का प्रावधान है। इसी प्रकार प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत समिति क्षेत्र में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को 25 हजार पुरस्कार राशि देने का प्रावधान है।

ग्राम गौरमुडी निवासी अनुराग ने बताया की गैर व्यावसायिक छात्रवृत्ति में उनका चयन हुआ है, योजना के तहत उन्हें प्रथम वर्ष में 5 हजार, दूसरे वर्ष में 4 हजार तथा तीसरे वर्ष में 3 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की इस योजना का लाभ उन्हे उनके परिवार के तेन्दूपत्ता संग्राहक के रूप में जुडऩे के कारण मिला है। इससे पढ़ाई में काफी सहायता मिल जाती है। इसी प्रकार ग्राम खैरपुर निवासी जितेश कुमार ने बताया कि उसका परिवार तेंदूपत्ता संग्राहक के रूप में संलग्न है, जिसके तहत उनका चयन मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना में हुआ और उसको दोनों योजनाओं की राशि प्राप्त हुई है।

**शत-प्रतिशत आवेदनों का किया गया निराकरण**

वर्ष 2021-22 में गैर व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत रायगढ़ वनमण्डल में कुल 98 आवेदन में 4 लाख 47 हजार रूपए की राशि वितरित की गई। व्यवसायिक योजना अन्तर्गत 15 आवेदनों में 1 लाख 25 हजार रुपए, मेधावी योजना के तहत 274 आवेदनों पर 6 लाख 82 हजार 500 रुपए तथा प्रतिभाशाली योजना अन्तर्गत 475 आवेदनों में 81 लाख 15 हजार रूपए वितरित की गई। इस प्रकार 862 कुल आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करते हुए 93 लाख 69 हजार 500 रूपए वितरित किया गया। इसी प्रकार धरमजयगढ़ वनमण्डल में गैर व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत 140 आवेदनों में 6 लाख 3 हजार रूपए, व्यवसायिक योजना अन्तर्गत 25 आवेदनों में 1 लाख 80 हजार रुपए, मेधावी योजना के तहत 309 आवेदनों पर 7 लाख 69 हजार 500 रुपए तथा प्रतिभाशाली योजना अन्तर्गत 199 आवेदनों में 34 लाख 85 हजार रूपए वितरित की गई। इस प्रकार जिले के कुल 01 हजार 535 विद्याथियों को 01 करोड़ 44 लाख 6 हजार 500 छात्रवृति के रूप में प्रदान की गई।

# कलेक्टर रानू साहू की पहल पर बच्चों ने देखी अवतार-द वे ऑफ वाटर मूवी

- 4 संस्थाओं के लगभग 200 बच्चों ने उठाया मूवी का आनंद



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू की पहल पर चक्रधर बाल सदन के बच्चों ने आज कार्निवल सिनेमास, ग्रैंड मॉल में अवतार-द वे ऑफ वाटर 3 डी मूवी देखे। बच्चों ने कहा की मूवी बहुत अच्छी एवं मनोरंजक थी, इसके लिए उन्होंने कलेक्टर साहू को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि गत माह कलेक्टर साहू चक्रधर बाल सदन के निरीक्षण में पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने बाल सदन के बच्चों से उनकी रुचि को लेकर बात की थी। बच्चों ने फिल्म देखने की ईच्छा जतायी थी। इसी क्रम में कलेक्टर साहू ने बच्चों के लिए मूवी स्क्रीनिंग करने की व्यवस्था के निर्देश दिए थे। जिसके तहत बच्चों ने अवतार-द वे ऑफ वाटर मूवी का आनंद उठाया। इस मौके पर एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा भी उपस्थित रहे।

इस दौरान चक्रधर बाल सदन के अलावा नीलांचल, आशियाना एवं नई उम्मीद संस्था के लगभग 200 बच्चों ने मूवी का आनंद उठाया। बच्चे मूवी देखकर काफी उत्साहित नजर आए। मालूम हो कि अवतार-द वे ऑफ वाटर एक साईंस फिक्शन मूवी है जिसका निर्देशक जेम्स कैमरॉन ने किया है। यह 2009 में आई मूवी अवतार का यह दूसरा भाग है, जो दर्शकों को एनीमेशन के साथ एक अलग ही दुनिया का अनुभव कराती है। इस साइंस फिक्शन मूवी में विज्ञान और प्रकृति को दिखाया गया है। इसके विजुअल बहुत ही प्रभावशाली है, जिन्होंने बच्चों का मन मोह लिया।

# बिजलीकर्मी बताकर गांव के ट्रांसफार्मर को पिकअप में लोडकर चोरी कर भाग रहे थे युवक

- संदेह पर गांववालों ने दौड़ाकर पकड़ा
- घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी से जब्त की पिकअप वाहन और चोरी किया हुआ ट्रांसफार्मर



**रायगढ़।** दिनांक 05.01.2023 को थाना घरघोड़ा में लैलूंगा उपसंभाग के सहायक यंत्री पंकज कुमार (उम्र 28 साल) द्वारा घरघोड़ा के ग्राम सहसपुर से कुछ युवकों द्वारा बिजलीकर्मी बनकर ट्रांसफार्मर चोरी करने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि कल रात्रि इसे ग्राम सहसपुर का बाबुलाल राठिया मोबाइल पर कॉल कर बताया कि कुछ युवक पिकअप वाहन लेकर गांव आये और विद्युत विभाग से आये हैं कहकर मेन बस्ती ग्राम सहसपुर के विद्युत ट्रांसफॉर्मर डी.पी. के नीचे रखे हुए विद्युत ट्रांसफॉर्मर को अपने पीकअप वाहन में लोडकर ले जाया जा रहे थे, गांववालों को शंका होने पर कुछ दूर दौडाकर दोबारा पूछताछ करने पर ड्रायवर के साथ आये हुए लड़के गाड़ी से उतर कर भाग गये। सूचना पर गांव पहुंचा, गांववाले ड्रायवर को पकड कर रखे थे और घरघोड़ा पुलिस को भी सूचना दिया गया था। पीकप वाहन क्र. सीजी-15-ए-3298 में आरोपियों द्वारा चोरी किया हुआ ट्रांसफॉर्मर लोड था। ड्रायवर से पूछताछ करने पर अपना नाम रामगोपाल साहू निवासी झोपडीपारा जूटमिल रायगढ़ का होना बताया, सहायक यंत्री के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में आरोपी रामगोपाल साहू पर चोरी का अपराध दर्ज कर घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी रामगोपाल साहू पिता स्व. संतोष साहू उम्र 26 वर्ष सा. झोपडीपारा जूटमील चौकी जूटमील थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ (छ.ग.) के मेमोरंडम पर (1) एक महिन्द्रा पीकप वाहन क्र. सीजी-15-ए-3298 पुराना इस्तेमाली चालू हालत में मय चाबी (2) एक बिजली का पुराना फेल्ड ट्रांसफॉर्मर 25 के.व्ही. कीमती लगभग 47,000 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया है, जिसे गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर आज दिनांक 05.01.2023 के दोपहर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक चिंतामणी कुर्रे, आरक्षक उधो पटेल, बीरबल भगत की प्रमुख भूमिका रही है।

# हत्या के आरोपित पांच युवकों को कापू पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

- झगड़ा मारपीट के बीच आई चोटों से हुई थी वृद्ध की मौत, कापू के ग्राम बारबंद की घटना



**रायगढ़।** दिनांक 02.01.2022 को थाना कापू के ग्राम बारबंद में रहने वाला अशोक यादव (उम्र 22 साल) थाना कापू आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि बीते रात्रि (दिनांक 01.01.2023) को जगालमौहा इमलीपारा, कापू निवासी राजेश एक्का और उसके साथी घर घुसकर मारपीट करने से उसके भाई पवन यादव (30 साल) मामा परशुराम यादव (65 साल) और गणेशी बाई (55 साल) को चोटें आयी है। कापू पुलिस द्वारा आहतों का सीएचसी विजयनगर में मुलाहिजा कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा आहत परशु राम यादव को रिफर कर एक्स-रे, सिटी स्कैन कराने कहा गया था। दूसरे दिन परशुराम को ईलाज के लिये उसके परिवारजन रायगढ़ ला रहे थे जो फौत हो गया। आहत परशुराम यादव के अकाल मृत्यु की जांच पर तत्काल थाना प्रभारी कापू हमराह स्टाफ के साथ ग्राम बारबंद पहुंचे। मौके पर मर्ग पंचानामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिये रवाना किया गया। घटना के संबंध में गांव का मुकेश कुमार (31 साल) रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 01/01/23 के रात करीब 8-00 बजे ये लोग अपने घर के बाहर खड़े थे। वहीं पर इनकी मोटर सायकल भी खड़ी थी, उसी समय जगालमौहा, इमलीपारा का राजेश एक्का बोलेरो को चलाते हुए लाया जिसके वाहन से मोटर सायकल और अशोक यादव को हल्का टच हुआ। उसके बाद राजेश एक्का बोलेरो को खड़े कर लड़ाई झगड़ा करने लगा फिर वहां से चला गया। कुछ देर बाद 2 बाइक में राजेश एक्का अपने साथियों के साथ वापस बस्ती आया और बोलेरो-मोटर सायकल के टकराने वाली बात को लेकर गाली गलौज करते हुए सभी अशोक के घर में घुस गये और घर में अशोक और घर में मौजूद लोगों को हाथ मुक्का व डंडा से मारने लगे जिससे गणेशी यादव, परशु यादव, पवन को ज्यादा चोट आया और आरोपियों के मारपीट से आयी चोट पर परशुराम यादव पिता स्व. बुटरा यादव उम्र 65 वर्ष सा.बारबंद थाना कापू की मौत हुई है, रिपोर्ट पर आरोपी राजेश एक्का व उसके साथियों पर अपराध क्रमांक 04/2023 धारा 147,302,294,323 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए कापू थाना प्रभारी आहत और गवाहों से पूछताछ कर मारपीट करने वाले युवकों की पतासाजी किया गया जिस पर आरोपी (1) राजेश एक्का पिता इमरान एक्का उम्र 23 साल निवासी जगालमौहा इमलीपारा थाना कापू (2) अलिप खलखो को पिता जेम्स खलखो उम्र 20 साल निवासी जगालमौहा इमलीपारा थाना कापू (3) सुनील एक्का पिता किरण एक्का 28 साल निवासी जगालमौहा इमलीपारा थाना कापू (4) अर्जुन तिर्की पिता मोहन तिर्की उम्र 22 साल निवासी जलालमौहा खराभौना थाना कापू (5) विनाईत केरकेट्टा पिता अकल साय केरकेट्टा उम्र 23 साल निवासी धौराभाठा थाना धरमजयगढ़ को तत्काल पुलिस टीम हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ कर आरोपी- राजेश एक्का से घटना में प्रयुक्त डंडा और अन्य आरोपियों से 02 बाइक जप्त कर बरामद किया गया है जिन्हें कल दिनांक 04.01.2023 के दोपहर गिरफ्तार कर जेएमएफसी धरमजयगढ़ के न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल वारंट पर को जिला जेल रायगढ़ दाखिल कराया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा, निर्देशन व मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कापू उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा के हमराह सहायक उपनिरीक्षक बृजकिशोर गिरी, आरक्षक विजय राठिया और नरेंद्र पैंकरा की आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी व संपूर्ण कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# क्षय रोग के संबंध में चिकित्सा अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.जयकुमारी चौधरी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के समस्त चिकित्सा एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं आर.एम.ए.को एनटीईपी टी.ओ.टी. (मास्टर ट्रेनर) प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे ब्लॉक स्तर में जाकर समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को वे प्रशिक्षण दे सके।

डॉ. रितू कश्यप, सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में क्षय रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया गया कि छ.ग. राज्य को 2023 तक तथा भारत सरकार द्वारा 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उनके द्वारा प्रत्येक मरीज की शीघ्र पहचान कर उनका उपचार करने के नये दिशा-निर्देश के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें टीबी मरीज के परिवार के सदस्यों का काटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें बचाव के संबंध हेतु आईसोनाजिट टेबलेट देने हेतु बताया गया। उक्त कार्यक्रम में सुरेश कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम समन्वयक, दीपक गिरी गोस्वामी, पीपीएम कोआर्डिनेटर, सुनील कुमार यादव, पीएमडीटी कोआर्डिनेटर एवं समस्त जिला स्तरीय एनटीईपी स्टॉफ उपस्थित रहे।

# एनएसएस के विशेष शिविर में डीएसपी ने की विद्यार्थियों को अपराधों के प्रति जागरूक

- थाना प्रभारी कोतरारोड़ छात्राओं को दिये साइबर अपराधों की जानकारी, बताए कैसे ले पुलिस से मदद

**रायगढ़।** दिनांक 05.01.2023 को थाना कोतरारोड़ अंतर्गत ग्राम तारापुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के विशेष कैंप में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा "पुलिस जन चौपाल" के माध्यम से विद्यार्थियों को अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान थाना कोतरारोड़ की सुपरविजन अधिकारी डीएसपी निकिता तिवारी ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट, यातायात नियमों की जानकारी देकर विविध अपराधों से बचाव और सुरक्षा के उपाय बताई।

डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग करते समय सावधानी बरतने को कहा गया, वे बताई कि फेसबुक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अंजान व्यक्तियों के फ्रेण्ड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें और ना ही अंजान व्यक्तियों को नीजी फोटो/विडियों शेयर करें। उन्होनें छात्राओं को अच्छे व बुरे स्पर्श का अंतर बताकर ऐसे घटनाओं को बिना किसी के दबाव माता-पिता, शिक्षक अथवा पुलिस अधिकारियों को बताने कहा गया। डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा बहुउपयोगी "अभिव्यक्ति ऐप" के संबंध में जानकारी देकर घर के मोबाइल पर प्ले स्टोर के माध्यम से इंस्टाल करने की सलाह दी गई।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव ने विद्याथियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार पुलिस सहायता के लिये हिचके ना । डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम या थाना प्रभारी कोतरारोड़ के मोबाइल नम्बर पर कॉल कर सहायता लेवें। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व को बताते हुए अच्छे नागरिक बनाने कानून का पालन करने साथ ही अपने मित्रों, परिवारजनों को कानून का पालन करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. जिला कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल तथा विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, ग्राम प्रमुख एवं थाना कोतरारोड़ स्टाफ मौजूद थे।

# मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने किसानों को करें प्रोत्साहित - कलेक्टर डॉ.सिद्दकी

- जनदर्शन के लंबित आवेदनों का करें शीघ्र निराकरण
- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ली समय-सीमा की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी विभागों को जनचौपाल के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करने को कहा। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की प्रगति रिपोर्ट पर तेजी से कार्य करने एवं पात्र व्यक्तियों का एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने मिलेट्स फसल जैसे रागी, कोदो,कुटकी, ज्वार, बाजरा आदि फसलों के उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में लाभान्वित होने वाले महिलाओं और बच्चों का आंकड़ा अलग-अलग बनाने को कहा ताकि महिलाओं और बच्चों को पृथक रूप से विशेष ध्यान दिया जा सके। उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में चयन समिति के माध्यम से शीघ्र शिक्षकों की भर्ती करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धान खरीदी कार्यों की समीक्षा करते हुए कुल खरीदी, किसानों को समय पर राशि भुगतान एवं उठाव संबंधी जानकारी ली, साथ ही अवैध धान पर सतत रूप से कार्यवाही कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित विभागीय जिला अधिकारियों को कहा कि जिनके ऑफिस की व्यवस्था जिले में नहीं हो पाई है, उन्हें ऑफिस हेतु उपयुक्त जगह का चयन कर सूचित करें। पुलिस लाइन और रेडा के लिए जगह आबंटन हेतु संबंधित सीएमओ को प्राथमिकता से कार्य करने को कहा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सड़क निर्माण कार्य, आयुष्मान कार्ड, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, रामायण मंडली, कोविड टीकाकरण, छात्रावास में किचन गार्डन, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, विवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, टीबी कुष्ट रोग जाँच एवं निवारण अभियान, कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल और डॉ स्निग्धा तिवारी, समस्त एसडीएम तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, सीईओ, सीएमओ सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480